

मुझे लगता है कि आप लोग स्ट्राइक रेट को कुछ अधिक महत्व (नहीं) देते हैं? क्योंकि जब भी बात बल्लेबाज़ी या बड़े स्कोर खड़े करने की होती है, इसका वर्णन आवश्य किया जाता है। - मिताली राज

भारतीय कप्तान, खिलाड़ियों की स्ट्राइक रेट को लेकर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — तमीम इकबाल



बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नजमुल हसन ने कहा कि अनुभवी एवं सीनियर सलामी बल्लेबाज तमीम इकबाल के भविष्य में टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में खेलने की संभावना नहीं है, क्योंकि वह यह प्रारूप खेलने के इच्छुक नहीं हैं। उन्होंने टूर्नामेंट के शुरुआती दो मैचों में मंत्री ढाका के लिए एक के बाद एक अर्धशतक जड़े थे। उल्लेखनीय है कि इस साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आईसीसी टी-20 विश्व कप के मद्देनजर तमीम के लिए अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के दौरान प्रारूप में वापसी के लिए मंच तैयार किया गया था।

क्या आप जानते हैं ?... टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

# दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 3-0 से किया क्लीन स्वीप

## तीसरा एकदिवसीय चार रन से जीता, भारत की दौरे में लगातार 5वीं हार



केप टाउन, 23 जनवरी। सलामी बल्लेबाज क्विंटन डि कॉक (124) के शानदार शतक और अंतिम ओवरों में गेंदबाजों के निर्णायक प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने भारत को तीसरे और अंतिम वनडे में बेहद रोमांचक अंदाज में रविवार को चार रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज को 3-0 से क्लीन स्वीप कर लिया।

डी कॉक के शतक और मध्य क्रम के बल्लेबाज रैसी वान डर डुसेन (52) के अर्धशतक की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने 49.5 ओवर में 287 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया जबकि भारतीय टीम 49.2 ओवर में 283 रन पर सिमट गयी। दक्षिण अफ्रीका ने इससे पहले टेस्ट सीरीज 2-1 से जीती थी।

भारत ने लक्ष्य का बेहतर ढंग से पीछा किया लेकिन बल्लेबाजों ने जमने के बाद अपने विकेट गंवाए। शिखर धवन ने 61, विराट कोहली ने 65 और सूर्यकुमार यादव ने 39 रन बनाये जबकि दीपक चाहर ने साहसिक बल्लेबाजी करते हुए मात्र 34 गेंदों में पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 54 रन बनाये।

इस बीच ऋषभ पंत एक बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में शून्य पर आउट हुए। भारत ने अपने सात विकेट 223 रन पर गंवा दिए थे लेकिन दीपक ने साहसिक पारी खेलते हुए भारत को लक्ष्य के करीब पहुंचा दिया। दीपक एक शॉट खेलने के प्रयास में टीम के 278 के स्कोर पर कैच आउट हो गए। जसप्रीत बुमराह 15 गेंदों में 12 रन बनाकर 281 के स्कोर पर कैच आउट हुए। भारत का एक विकेट बचा था जबकि आखिरी ओवर में उसे छह रन चाहिए थे। ड्वेन प्रिटोरियस ने युजवेंद्र चहल को डेविड मिलर के हाथों कैच कराकर भारतीय पारी समेट दी।

भारत को इस तरह दौरे में लगातार पांचवीं हार का सामना करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका के लिए लुंगी एनगिडी और एंडिले फेहुक्वायो ने तीन-तीन विकेट झटके जबकि प्रिटोरियस को दो विकेट मिले। क्विंटन दी कॉक को प्लेयर ऑफ द मैच के साथ साथ प्लेयर ऑफ द सीरीज का भी पुरस्कार मिला।

इससे पहले मेहमान भारत ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया और सीरीज में पहली बार दक्षिण अफ्रीका को लगातार शुरुआती झटके दिए। बावजूद इसके दक्षिण अफ्रीका ने डि कॉक और वान डर डुसेन के बीच चौथे विकेट के लिए हुई 144 रन की जबरदस्त साझेदारी और अंत में डेविड मिलर की 39 रनों की शानदार पारी की बदौलत 287 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बना लिया। डि कॉक ने 12 चौकों और दो छक्कों की मदद से 130 गेंदों पर 124 रन बनाकर करियर का 17वां और भारत के खिलाफ छठा शतक जड़ा। वहीं वान डर डुसेन ने चार चौकों और एक छक्के के सहारे 59 गेंदों पर 52 और मिलर ने तीन चौकों और एक छक्के की बदौलत 38 गेंदों पर 39 रन बनाए।

भारत ने भी हालांकि 214 के स्कोर पर डि कॉक के रूप में दक्षिण अफ्रीका का चौथा विकेट लेने के बाद शानदार वापसी की। भारतीय गेंदबाजों ने आखिरी 9.5 ओवरों में 59 रन देकर पांच विकेट लिए।

### स्कोर बोर्ड

| दक्षिण अफ्रीका | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| क्विंटन डी कॉक का धवन बो बुमराह | 124 | 130 | 12 | 2 |
| यानेमन मलान का पंत बो चाहर | 01 | 6 | 0 | 0 |
| टेम्बा बावुमा रन आउट राहुल | 08 | 12 | 1 | 0 |
| माक्ररम का रुतुराज बो चाहर | 15 | 14 | 3 | 0 |
| वैन डर डुसेन का श्रेयस बो चहल | 52 | 59 | 4 | 1 |
| डेविड मिलर का विराट बो प्रसिद्ध | 39 | 38 | 3 | 1 |
| फेहलुकवायो रन आउट (श्रेयस/पंत) | 04 | 11 | 0 | 0 |
| प्रिटोरियस का सूर्यकुमार बो प्रसिद्ध | 20 | 25 | 3 | 0 |
| केशव महाराज का विराट बो बुमराह | 06 | 5 | 1 | 0 |
| सिसांदा मगाला का राहुल बो प्रसिद्ध | 00 | 2 | 0 | 0 |
| लुंगी एनगिदी अविजित | 00 | 0 | 0 | 0 |
| **अतिरिक्त :** | 18 | | | |

**कुल :** 49.5 ओवर में 287 पर आलआउट

**विकेट पतन :** 1-8, 2-34, 3-70, 4-214, 5-218, 6-228, 7-272, 8-282, 9-287, 10-287

**गेंदबाजी :** दीपक चहर 8-0-53-2, जसप्रीत बुमराह 10-0-52-2, प्रसिद्ध कृष्णा 9.5-0-59-3, जयंत यादव 10-0-53-0, युजवेंद्र चहल 9-0-47-1, श्रेयस अय्यर 3-0-21-0

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| राहुल का मलवान बो एनगिडी | 9 | 10 | 2 | 0 |
| धवन का डी कॉक बो फेहकुलवायो | 61 | 73 | 5 | 1 |
| विराट का बावुमा बो महाराज | 65 | 73 | 5 | 1 |
| पंत का मंगला बो फेहकुलवायो | 0 | 1 | 0 | 0 |
| श्रेयस का फेहकुलवायो बो मंगाला | 26 | 34 | 2 | 0 |
| सूर्यकुमार का बावुमा बो प्रिटोरियस | 39 | 32 | 4 | 1 |
| दीपक फेतहकुलवायो बो एनगिरी | 54 | 34 | 5 | 2 |
| जयंत का बावुमा बो एनगिडी | 2 | 6 | 0 | 0 |
| बुमराह का बावुमा बो फेहकुलवायो | 12 | 15 | 2 | 0 |
| चहल का मिलर बो प्रिटोरियस | 2 | 6 | 0 | 0 |
| कृष्णा नाबाद | 2 | 3 | 0 | 0 |
| **अतिरिक्त :** | 11 | | | |

**कुल :** 49.2 ओवर में 283 रन पर ऑलआउट

**विकेट पतन :** 1-18, 2-116, 3-118, 4-156, 5-195, 6-210, 7-223, 8-278, 9-281, 10-283

**गेंदबाजी :** एनगिडी 10-0-58-3, प्रिटोरियस 9.2-0-54-2, मंगाला 10-0-69-1, महाराज 10-0-39-1, फेहकुएवायो 7-0-40-3, मार्कराम 3-0-21-0

# सैयद मोदी इंटरनेशनल ने खत्म किया सिंधु के खिताब का इंतजार

**सिंधु ने दो साल बाद जीता कोई खिताब**

**फाइनल में हमवतन मालविका बंसोड के खिलाफ आसान जीत दर्ज की**




लखनऊ, 23 जनवरी। ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु का खिताब के लिये दो साल का लंबा इंतजार रविवार को नवाब नगरी लखनऊ में खत्म हो गया जब उन्होंने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 में महिला एकल के फाइनल में हमवतन मालविका बंसोड के खिलाफ आसान जीत दर्ज की। बाबू बनारसी दास यूपी बैडमिंटन अकादमी में खेली जा रही 1,50,000 अमेरिकी डालर की ईनामी राशि वाली चैंपियनशप के महिला एकल के फाइनल में सिंधु आज पूरी लय में दिखायी दी। उन्होने मात्र 35 मिनट के खेल में बंसोड को 21-13, 21-16 से हरा कर खिताब की ज्वाला को शांत किया।

नागपुर की 20 साल की खिलाड़ी मालविका के पास सिंधु के स्मैश शाट का कोई जवाब नहीं था। सिंधु ने अपनी लंबाई का फायदा उठाते हुए कई शानदार स्मैश शॉट खेले और एक के बाद एक अंक अर्जित करते हुये पहले गेम में 7-0 की बढ़त बनाई। इस बीच मालविका ने भी एक अंक जुटाया लेकिन वापसी करते हुए सिंधु ने ब्रेक तक 11-1 की बढ़त बना ली। ब्रेक के बाद पीवी सिंधु ने शानदार कोर्ट कवरेज की बदौलत अंक जुटाने शुरू किए। सिंधु जब 17-8 से आगे थी तभी मालविका ने लगातार तीन अंक जुटाए। बाद में सिंधु ने लगातार तीन अंक जुटाते हुए 20-11 के स्कोर पर गेम प्वाइंट बनाया लेकिन मालविका ने न सिर्फ गेम प्वाइंट बचाया बल्कि एक अंक बनाते हुए स्कोर 20-13 किया मगर वह गेम को बचा नहीं सकी और सिंधु ने 21-13 से जीत दर्ज की। दूसरे गेम में पी सिंधु के शुरुआती अंक जुटाने के बाद मालविका ने बराबरी की। बाद में सिंधु ने हावी होते हुये ब्रेक तक 11-4 की बढ़त बनाई। बाद में मालविका ने सिंधु के सामने मामूली चुनौती पेश की मगर सिंधु ने लय में खेलते हुये स्कोर 20-15 किया। हालांकि मालविका ने गेम प्वाइंट बचाया लेकिन अगली ही सर्विस पर पीवी सिंधु ने गेम प्वाइंट बचा लिया। पीवी सिंधु का सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट में दूसरा खिताब है।

## पुरुष एकल फाइनल रद्द

लखनऊ, 23 जनवरी। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने रविवार को एक फाइनलिस्ट के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के कारण सैयद मोदी इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल को रद्द करने की घोषणा की। फाइनल मैच फ्रांस के अरनॉड मर्कले और लुकास क्लेरबाउट के बीच होना था। बीडब्ल्यूएफ ने एक बयान में कहा, हम आज सुबह पुरुष एकल के कोरोना वायरस से पॉजिटिव पाए जाने की पुष्टि कर सकते हैं। अन्य फाइनलिस्ट के संक्रमित खिलाड़ी के करीबी संपर्क में आने के कारण फाइनल को रद्द कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि विजेता का नाम, विश्व रैंकिंग अंक और पुरस्कार राशि संबंधित विवरण आगामी कुछ समय में साझा किया जाएगा।

# पाक, अफगानिस्तान, बांग्लादेश क्वार्टरफाइनल में

त्रिनिदाद और टोबैगो, 23 जनवरी। आईसीसी अंडर -19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2022 के ग्रुप चरण ख़त्म हो गया है। पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बंगलादेश ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।

पाकिस्तान, पपुआ न्यू गिनी पर नौ विकेट से जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया है, जहां वह ऑस्ट्रेलिया के मुकाबल। करेगा। ग्रुप सी में जिम्बाब्वे को 109 रन से हराकर अफगानिस्तान ने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया और अगले दौर में जगह हासिल की। बांग्लादेश ने बारिश से बाधित ग्रुप ए मैच में संयुक्त अरब अमीरात को नौ विकेट (डी/एल पद्धित) से हराकर अपने सभी मैचों में जीत हासिल की।

पाकिस्तान के मोहम्मद शहजाद ने पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ 7 रन पर पांच विकेट हासिल कर टीम को नौ विकेट से मिली जीत में अहम भूमिका निभाई। बल्लेबाजी करते हुए पापुआ न्यू गिनी ने सकारात्मक शुरुआत की और सलामी बल्लेबाज क्रिस्टोफर किलापत और बोइओ रे ने शुरुआती विकेट के लिए 24 रन जोड़े। गिनी ने हालांकि, अगले नौ विकेट 26 रन के भीतर खो दिए। 51 रनों का पीछा करते हुए अब्बास अली और विकेटकीपर-बल्लेबाज हसीबुल्लाह खान ने पाकिस्तान को आसान जीत दिलाई। पाकिस्तान ग्रुप सी शीर्ष स्थान पर रहा। उसने अपने तीनों मैच जीते हैं, वह क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा।

एक अन्य मैच में अफगानिस्तान ने जिम्बाब्वे को हराया और क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। अगले दौर में अफगानिस्तान का मुकाबला श्रीलंका से होगा।जिम्बाब्वे के खिलाफ खेले गए मैच के हीरो सुलेमान सफी रहे। कप्तान ने अपनी पारी में 118 गेंदों में 17 चौके लगाए और पारी की अंतिम गेंद पर आउट हुए।अफगानिस्तान 261/6 स्कोर खड़ा किया, जिसमें सलामी बल्लेबाज नगेलिया खरोटे ने भी अर्धशतक के साथ योगदान दिया।।जिम्बाब्वे की ओर से एलेक्स फालाओ ने 3/54 का विकेट लिए।

# बीसीसीआई ने भारत-वेस्टइंडीज सीरीज के कार्यक्रम में किया बदलाव

मुंबई, 23 जनवरी। 12 और 13 फ़रवरी को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की बड़ी नीलामी को ध्यान में रखते हुए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अगले महीने वेस्टइंडीज़ के विरुद्ध होने वाली सीमित ओवर मैचों की सीरीज़ के कार्यक्रम में बदलाव किया है। तीसरे वनडे मैच को एक दिन आगे बढ़ाया गया है। साथ ही बोर्ड ने इस बात की भी पुष्टि की है कि यह सभी मुक़ाबले केवल दो मैदानों पर खेले जाएंगे। बीसीसीआई इससे पहले देश में बढ़ते कोरोना मामलों को ध्यान में रखते हुए मेज़बानी के लिए निर्धारित छह शहरों की संख्या को कम करना चाहता था। बीसीसीआई ने बताया कि यह फ़ैसला यात्रा के दौरान टीमों, मैच अधिकारियों, ब्रॉडकास्टरों और अन्य सदस्यों पर कोरोना संक्रमण के ख़तरे को कम करने के लिए लिया गया है।

अब यह दौरा तीन वनडे मैचों की सीरीज़ के साथ शुरू होगा जो अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जाएंगे। यह मुक़ाबले अब 6, 9 और 11 फ़रवरी को होंगे। इसके बाद टीमें कोलकाता जाएंगी। पहला टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच अब 15 फ़रवरी की बजाय 16 फ़रवरी को खेला जाएगा। इसके बाद बचे हुए दो टी20 मैच निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 18 और 20 तारीख़ को आयोजित किए जाएंगे।

# भारत ने युगांडा को 326 रन से हराया

## अंडर-19 विश्व कप : युवा वनडे इतिहास में दूसरी सबसे बड़ी जीत

टारौबा, 23 जनवरी। अंगकृष रघुवंशी और राज बावा की ताबड़तोड़ पारियों की बदौलत भारत ने युगांडा को अंडर 19 विश्व कप में 326 रन के विशाल अंतर से हराकर यूथ वनडे में इतिहास में दूसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। दोनों बल्लेबाज़ों ने क्रमश: 120 गेंदों में 144 और 108 गेंदों में 162 रनों की आतिशी पारी खेली। यही नहीं रघुवंशी और बावा के बीच तीसरे विकेट के लिए अंडर 19 विश्व कप इतिहास में सबसे ज़्यादा रनों की साझेदारी भी हुई।

भारत ने 50 ओवर में पांच विकेट पर 405 रन का विशाल स्कोर बनाया और इसके बाद जब विपक्षी टीम युगांडा मैदान पर आयी तो भारतीय गेंदबाज़ों ने उन्हें सिर्फ़ 79 रनों के कुल योग पर निपटा दिया। उल्लेखनीय है कि कोविड संक्रमण से परेशान टीम इंडिया के पास इस मैच से पहले चयन के लिए सिर्फ़ 12 खिलाड़ी उपलब्ध थे।

16 वर्षीय रघुवंशी पारी की शुरुआत से काफ़ी आक्रामक दिख रहे थे। पहले ही ओवर में उन्होंने एक शानदार कट शॉट के साथ चौका बटोरा और फिर अपने ओपनिंग पार्टनर हरनूर सिंह के साथ पहले विकेट के लिए 40 रनों की साझेदारी की। अपने पार्टनर के आउट होने के बाद भी रघुवंशी ने लगातार रन बनाना जारी रखा और 49 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया।

पहले विकेट के गिरने के बाद कप्तान निशांत सिंधु भी काफ़ी आक्रामक दिख रहे थे लेकिन वह अपनी पारी ज़्यादा लंबा नहीं खींच सके और मात्र 15 रन के निजी स्कोर पर आउट हो गए। इसके बाद राज बावा बल्लेबाज़ी करने आए और दोनों बल्लेबाज़ों ने 22.4 ओवरों तक बल्लेबाज़ी करते हुए काफ़ी तेज़ी से रन बनाए। बावा ने भले ही अपनी पारी की शुरुआती क्षणों में एक फुलटॉस गेंद को मिड विकेट के ऊपर से सिक्सर मारा लेकिन उसके बाद वह कुछ देर के लिए संयमित तरीके से खेल रहे थे। हालांकि 21वें ओवर के बाद दोनों बल्लेबाज़ों ने अपना गियर बदल लिया और तेज़ी से रन बटोरने लगे।

22वें ओवर में रघुवंशी ने पहले 2 चौके लगाए और फिर जब बावा के हाथ स्ट्राइक लगी तो उन्होंने दो गगनचुंबी सिक्सर लगा कर आक्रमण का आहवान कर दिया। 26 वें ओवर में रघुवंशी ने गेंदबाज के बिल्कुल पास से एक शानदार ड्राइव लगात हुए चौका बटोरा और फिर दो स्वीप लगा कर एक ही ओवर में तीन चौके लगाए। 27 वें ओवर में भारत का स्कोर 2 विकेट के नुकसान पर 172 रन था। बावा ने 28वें ओवर में लेग साइड पर छक्का लगाते हुए 44 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और 30वें ओवर की समाप्ति तक भारत 200 रनों के पार जा चुका था।

रघुवंशी ने अगले ओवर में एक शॉर्ट गेंद पर चौका लगा कर 93 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। 34वें ओवर तक दोनों बल्लेबाजों ने कम से एक चौका हर ओवर में लगा रहे थे। उस वक़्त भारत का रन रेट सात के आस-पास था और 400 के स्कोर की संभावना दिख रही थी। इसके बाद शतक लगाने की बारी बावा की थी और उन्होंने केवल 69 गेंदों में अपना शतक पूरा किया।

इसके बाद ऐसा लगा कि दोनों बल्लेबाज़ हर गेंद पर बाउंड्री बटोरने का प्रयास कर रहे हैं। 38वें ओवर में रघुवंशी ने पहले एक सिक्सर और दो चौके लगाए, इसके बाद लेग साइड में एक और बड़ा शॉट लगाने के चक्कर में कीपर को कैच दे बैठे। हालांकि बावा रुकने वाले नहीं थे, और उन्होंने 40वें ओवर में एक्सट्रा कवर के ऊपर से एक सिक्सर लगा कर भारत के स्कोर को 300 के पार पहुंचा दिया। वह आसानी से बाउंड्री ढूंढते रहे और 101 गेंदों में 150 के स्कोर पर पहुंच गए। अंत में भारत ने 405 रनों के पहाड़ जैसे स्कोर तक पहुंच गया।

युगांडा के लिए लक्ष्य का पीछा करना बिल्कुल भी आसान नहीं रहा। उनके छह बल्लेबाज़ शून्य के स्कोर पर आउट हो गए। राजवर्धन हगांरगेकर और स्टैंड-इन कप्तान निशांत सिंधु ने युगांडा के शीर्ष क्रम को धराशाई कर दिया। मैच से कुछ घंटे पहले भारत की टीम में शामिल हुए विक्की ओस्तवाल और वासु वत्स ने एक-एक विकेट लिया। भारत का अगला मुकाबला क्वार्टर फ़ाइनल में बांग्लादेश से होगा।

# कोरोना के प्रकोप से भारत और चीनी ताइपे के बीच एशिया फुटबॉल कप मैच रद्द

मुंबई, 23 जनवरी। भारत और चीनी ताइपे महिला फुटबॉल टीम के बीच रविवार को मुंबई डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला जाने वाला एएफसी महिला एशियाई फुटबॉल कप 2022 मैच कोरोना वायरस के प्रकोप के कारण रद्द हो गया। आयोजकों के मुताबिक कई पॉजिटिव मामलों के बाद भारत चीनी ताइपे के खिलाफ ग्रुप ए मैच के लिए आवश्यक न्यूनतम 13 खिलाड़ियों को चुनने में विफल रहा। कोरोना महामारी के दौरान एएफसी प्रतियोगिताओं के लिए लागू विशेष नियम के अनुच्छेद 4.1 के अनुसार भारत मैच में भाग लेने में असमर्थ था। ऐसे में अब अनुच्छेद 4.1 के पूर्ण प्रावधान लागू होंगे।

मैच में भाग लेने में भारत की असमर्थता एएफसी महिला एशिया कप 2022 नियमों के अनुच्छेद 6 के दायरे में भी आती है। इस बीच ग्रुप विजेता, उप विजेता और क्वार्टर फाइनल में क्वालीफाई करने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीमों के साथ टूर्नामेंट निर्धारित शेड्यूल के अनुसार जारी रहेगा। मामला अब लागू नियमों के अनुसार संबंधित एएफसी समिति को भेजा जाएगा। उल्लेखनीय है कि एएफसी ने पूरी प्रतियोगिता के दौरान टीमों और सदस्य संघों की सभी चिंताओं और समस्याओं के उचित ढंग से समय पर निपटान के लिए संचार की एक खुली लाइन की व्यवस्था की हुई है।

# दर्शकों के बिना खेला जाएगा महिला वनडे विश्वकप

वेलिंग्टन, 23 जनवरी। न्यूज़ीलैंड में होने वाले आगामी अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट टूर्नामेंट बढ़ते ओमिक्रॉन कोविड वैरिएंट के संक्रमण के कारण बंद दरवाजों के पीछे खेले जाएंगे और किसी भी दर्शक को मैदान में आने की अनुमति नहीं होगी।उल्लेखनीय है कि 9 फ़रवरी से भारत और न्यूज़ीलैंड की महिला टीम के बीच एक टी20 और पांच वनडे मैचों की सीरीज़ की शुरुआत होने वाली है। उम्मीद है कि न्यूज़ीलैंड में कोविड संक्रमण के कारण अब और भी ज़्यादा प्रतिबंध लगाए जाएंगे। यह लॉकडाउन की तरह नहीं होगा लेकिन किसी भी आयोजन में 100 से अधिक लोगों के शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही आयोजन में उन्हीं लोगों को शामिल किया जा सकेगा, जिन्होंने कोविड टीके का दोनों डोज ले लिया है। न्यूज़ीलैंड क्रिकेट के एक अधिकारी ने क्रिकइंफ़ो को बताया है कि नए प्रतिबंधों के बीच जो भी क्रिकट के आयोजन होंगे, वह बंद दरवाजों के पीछे खेले जाएंगे। न्यूज़ीलैंड की प्रधानमंत्री जैसिंडा अर्डर्न ने नए प्रतिबंधों के लिए एक सटीक समयरेखा तय नहीं की है।

# नडाल, शापोवालोव क्वार्टरफाइनल में, ज्वेरेव बाहर

मेलबोर्न, 23 जनवरी। 20 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्पेन के राफेल नडाल और कनाडा के डेनिस शापोवालोव ने रविवार को अपने-अपने प्री-क्वार्टर फाइनल मैच जीत करटेनिस टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जबकि तीसरे नंबर के खिलाड़ी जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव हारकर बाहर हो गए।

नडाल ने जहां फ्रांस के एड्रियन मन्नारिनो को 7-6(14), 6-2, 6-2 से हरा कर जॉन न्यूकॉम्ब के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर 14वीं बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं शापोवालोव ने दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-3, 7-6 (5), 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

नडाल ने मैच के बाद कोर्ट पर साक्षात्कार में कहा, पहला सेट बहुत संघर्षपूर्ण था। वहां कुछ भी हो सकता है, लेकिन मैं अंत में थोड़ा भाग्यशाली था। मेरे पास मौके थे, लेकिन फिर मन्नारिनो को भी बहुत मौके मिले। उनकी गेंद को नियंत्रित करना बहुत मुश्किल था। उनके शॉट बहुत तेज और सपाट थे और मैं बहुत खुश हूं कि मैं पहले सेट में बच गया। यह सच है कि मैं अपने पूरे करियर के दौरान चोटों के साथ थोड़ा बदकिस्मत रहा हूं और कभी-कभी मैं बहुत बदकिस्मत रहा, क्योंकि विरोधी मुझसे बेहतर थे, लेकिन सामान्य तौर पर मैंने यहां हमेशा भावनात्मक मैचों का आनंद लिया, इसलिए मैं क्वार्टर फाइनल में आकर बहुत खुश हूं। यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। इस बीच अमेरिला की जेसिका पेगुला और मैडिसन कीज ने पांचवीं वरीयता प्राप्त मारिया सकारी और सिडनी चैंपियन पाउला बडोसा को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। 21वीं वरीयता प्राप्त पेगुला ने एक तपती दोपहर में मारिया को 7-6 (0) 6-3 से हरा दिया। पेगुला ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

एक अन्य मैच में पिछले साल मेलबोर्न के लिए अपनी निर्धारित उड़ान से पहले कोविड के सकारात्मक परीक्षण के बाद ऑस्ट्रेलियन ओपन से चूकने वाली कीज ने आठवीं वरीयता प्राप्त बडोसा को 6-3 6-1 से हराकर 2018 के बाद पहली बार क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। 2022 का शुरूआत में बडोसा ने सिडनी खिताब अपने नाम किया था, लेकिन इस अभियान में उन्हें कीज ने टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। बडोसा ने हालांकि अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने पहले 11 ब्रेक पॉइंट में से 10 को बचाया, लेकिन दूसरा सेट में वह मुकाबला नहीं कर सकीं। उधर चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजीकोवा ने पूर्व नंबर एक और दो बार की चैंपियन बेलारूस की विक्टोरिया अजारेंका को डेढ़ घंटे में 6-2, 6-2, से हराकर पहली बार क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली जहां उनका मुकाबला मेडिसन कीज से होगा।

## रिजवान बने टी-20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर

दुबई, 23 जनवरी। पाकिस्तान के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को रविवार को 2021 वर्ष के लिए आईसीसी पुरुष टी-20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया। 29 वर्षीय रिजवान ने 2021 में टी-20 प्रारूप में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने 29 मैचों में 134.89 के स्ट्राइक-रेट और 73.66 के औसत से 1326 रन बनाए। बल्ले के साथ शानदार प्रदर्शन के अलावा उन्होंने स्टंप्स के पीछे भी सर्वश्रेष्ठ योगदान दिया। उन्होंने बतौर विकेटकीपर 24 बार बल्लेबाजों को आउट करने में योगदान दिया। वहीं उन्होंने पिछले साल की शुरुआत में लाहौर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने करियर का पहला टी-20 शतक भी बनाया और कराची में अपना फॉर्म जारी रखते हुए वेस्ट इंडीज के खिलाफ 87 रनों की शानदार पारी खेली।

## बार्टी और मोंफिल्स भी क्वार्टरफाइनल में

मेलबोर्न, 23 जनवरी। शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया की एश्ले बार्टी और फ्रांस के गाएल मोंफिल्स ने वर्ष के पहले ग्रैंड स्लेम ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया है। विश्व के 20 वें नंबर के खिलाड़ी मोंफिल्स ने मैच में 54 विनर्स लगाते हुए सर्बिया के युवा खिलाड़ी मियोमीर केकमनोविच को लगातार सेटों में 7-5, 7-6 (4), 6-3 से हराया। मोंफिल्स का अगला मुकाबला सातवीं सीड मातियो बेरेटिनी से 25 जनवरी को होगा। इस बीच विश्व की नंबर एक खिलाड़ी बार्टी ने अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा को एकतरफा अंदाज में 6-4 6-3 से हराकर लगातार चौथी बार अंतिम आठ में जगह बनायी। बार्टी का अगला मुकाबला जेसिका पेगुला से होगा।

## क्वार्टरफाइनल में पहुंची सानिया-राम की जोड़ी

मेलबोर्न, 23 जनवरी। भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा ने अपने अमेरिकी जोड़ीदार राजीव राम के साथ रविवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के मिश्रित युगल (मिक्स डब्ल्स) के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत-अमेरिकी जोड़ी ने दूसरे दौर के मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के एलेन पेरेज और नीदरलैंड के मैटवे मिडलकूप की जोड़ी को 7-6 (8-6), 6-4 से हराया। सानिया और राम का अगला मुकाबला ऑस्ट्रेलियाई वाइल्ड कार्ड जोड़ी सामंथा स्तोसुर -मैथ्यू एब्डेन और जैमी फोरलिस-जेसन कबलर के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। इससे पहले मिर्जा और राम ने पहले दौर में एलेक्जेंड्रा क्रुनिक और निकोला कासिक की सर्बियाई जोड़ी को हराया था।

## ब्युमोंट बनी टी-20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर

दुबई, 23 जनवरी। इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज टैमी ब्यूमोंट को रविवार को 2021 में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए आईसीसी महिला टी-20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया। ब्यूमोंट 2021 में टी-20 में इंग्लैंड की शीर्ष और विश्व की तीसरी सर्वाधिक रन स्कोरर रहीं थी। उन्होंने नौ मैचों में 33.66 के औसत से तीन अर्धशतकों के साथ 303 रन बनाए थे। वहीं न्यूजीलैंड के खिलाफ घर से बाहर लो स्कोरिंग श्रृंखला में भी वह शीर्ष स्कोरर रहीं थी। उन्हें तीन मैचों में 102 रन के लिए 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया था। इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में उनकी 97 की पारी की बदौलत इंग्लैंड ने 2021 में अपना उच्चतम टी-20 स्कोर बनाया था। सीरीज के दूसरे मैच में उनकी 53 गेंदों पर 63 रन की पारी ने पावरप्ले में दो विकेट गंवाने के बावजूद इंग्लैंड को जीत दिलाई दी थी।